भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2501
उत्तर देने की तारीख 15.12.2025

राष्ट्रीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत उत्सव

2501. श्री बैजयंत पांडा :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 2024-25 में राष्ट्रीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित सांस्कृतिक उत्सवों की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है;
(ख) उन क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है जहां ये उत्सव आयोजित किए गए;
(ग) वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान सांस्कृतिक उत्सवों के लिए आवंटित और उपयोग की गई कुल निधि का ब्यौरा क्या है; और
(घ) इन उत्सवों में भाग लेने वाले कलाकारों विशेषकर ओडिशा के लोक और आदिवासी कलाकारों की संख्या का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख): राष्ट्रीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में सभी क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्रों (संस्कृति मंत्रालय के अधीन स्वायत्त संगठन) द्वारा 362 सांस्कृतिक महोत्सवों का आयोजन किया गया है। राष्ट्रीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत सभी जेडसीसी द्वारा देश के सभी क्षेत्रों को कवर करते हुए अपने सदस्य राज्यों में आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यकलापों/कार्यक्रमों/उत्सवों में भाग लेने के लिए अन्य क्षेत्रों/राज्यों से कलाकारों को आमंत्रित किया जाता है। इन क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्रों ने महाकुंभ-2025, काशी तमिल संगमम, राष्ट्रीय एकता दिवस और वन्दे भारतम कार्यक्रम आदि में सहभागिता की। इन महोत्सवों के दौरान दर्शकों को अन्य क्षेत्रों के कलारूपों का आनंद लेने और उन्हें समझने का अवसर मिलता है। ये महोत्सव हमारे देश की विभिन्न संस्कृतियों का आनंद लेने और उन्हें समझने का अवसर प्रदान करते हैं।

(ग): वर्ष 2024-25 के दौरान, देश में विभिन्न सांस्कृतिक महोत्सवों के आयोजन के लिए सभी क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्रों को 11121.65 लाख रुपए आवंटित/जारी किए गए हैं।

(घ): सभी क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्रों द्वारा अपने सदस्य राज्यों में आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यकलापों/कार्यक्रमों/उत्सवों में 55,519 कलाकारों/प्रस्तुतिकर्ताओं ने भाग लिया, जिनमें से 2323 कलाकार/प्रस्तुतिकर्ता ओडिशा से थे।

*****